**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

**DAILY POST**

# Varsity directs colleges to promote participation of students in SBSI

**CHANDIGARH:** YMCA University of Science and Technology, Faridabad has directed all the affiliated colleges to promote the participation of students in Swachh Bharat Summer Internship (SBSI). Also, the colleges have been asked to get themselves accredited with the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) and National Board of Accreditation (NBA) as it is mandatory for all higher education institutions to accord recognition the quality and excellence of education imparted by the higher educational institution.

In a meeting with Principals of the affiliated Engineering Colleges of Palwal District held at Palwal, the Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar said that Swachh Bharat Summer Internship is a unique initiative and a great opportunity for students to work for the society. The students with excellent work during their internship would be rewarded at the National level. It would also benefit the students by getting two extra credit points for their internship work, he added. He asked the colleges to assist the students in registration process so that maximum participation of students can be ensured this program.

> Colleges have been asked to get themselves accredited with NAAC and NBA as it is mandatory for all higher education institutions

Encouraging the colleges to participate in accreditation process, Vice-Chancellor said that the periodic evaluation by NAAC and NBA gives an opportunity to institutions to know their strengths and weaknesses through an informed review process and further improves the standard of education. *DP*

**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

# the pioneer

**YMCA issues directions to affiliated colleges**

Chandigarh: YMCA University of Science and Technology in Faridabad has directed all its affiliated colleges to promote the participation of students in Swachh Bharat Summer Internship (SBSI). The colleges have also been asked to get themselves accredited with the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) and National Board of Accreditation (NBA) as it is mandatory for all higher education institutions to accord recognition the quality and excellence of education imparted by the higher educational institution.

**HINDUSTAN**

# कॉलेज छात्र स्वच्छ भारत इंटर्नशिप में हिस्सा लें

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तहत आने वाले सभी कॉलेजों में स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप में हिस्सा लेने के निर्देश दिए है।

वहीं, कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) तथा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से मान्यता प्राप्त कराने के निर्देश दिए गए है। इससे शिक्षण संस्थानों की ओर से दी जा रही शिक्षण की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का मूल्यांकन किया जा सके। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पलवल में कॉलेज प्राचार्यों के साथ बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत समर इंटनशिप बेहतरीन कार्यक्रम है। इसके माध्यम से छात्रों को बेहतरीन अवसर मिलेंगे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा।

**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# अनूठा कार्यक्रम है समर इंटर्नशिप : प्रो.दिनेश



एडवांस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट पलवल में सुविधाओं का जायजा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ● जागरण

**जासं, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने अपने से संबद्ध कॉलेजों को स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से मान्यता प्राप्त करने के भी आदेश दिए गए हैं।

पलवल जिले के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ एडवांस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है। इसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं और इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे।

उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम में पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया ताकि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। बैठक के दौरान डीन (संस्थान) प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। डिप्टी डीन (संबद्धता) डॉ. आशुतोष दीक्षित ने 2018-19 के लिए संबद्धता प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक का संचालन संबद्धता शाखा की ओर से डॉ.प्रीति सेठी ने किया।

**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# सभी कॉलेज स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य करें: कुलपति

**सभी संबद्ध कॉलेजों को नैक तथा एनबीए मान्यता प्राप्त करने के लिए भी कहा**



विभिन्न कालेजों में स्थापित विश्वविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों का दौरा करते कुलपति प्रो दिनेश कुमार. (छाया:राकेश देव)

**फरीदाबाद,** (पंजाब केसरी)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए फरीदाबाद ने सभी संबद्ध कॉलेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा, सभी कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् नैक तथा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड एनबीए से मान्यता प्राप्त करने के लिए कहा है क्योंकि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षण की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का मूल्यांकन करवाना अनिवार्य है।

पलवल जिले के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ एडवांस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंटए,पलवल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है, जिसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते है और इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किये गये कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम में पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया ताकि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।

नैक तथा एनबीए मान्यता प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए कॉलेजों को प्रोत्साहित करते हुए कुलपति ने कहा कि नैक तथा एनबीए द्वारा आवधिक मूल्यांकन संस्थानों को एक सूचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से अपनी क्षमताओं तथा कमियों को जानने का अवसर प्रदान करता है तथा तय मानदंडों पर शिक्षा की गुणवत्ता स्तर में सुधार लाने में मदद करता है। इसलिएए सभी कॉलेजों के लिए जरूरी है कि वे नैक तथा एनबीए मान्यता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि नैक तथा एनबीए मान्यता के लिए आवेदन करने वाले सभी कॉलेजों को विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। कॉलेजों के प्राचार्यों द्वारा कुलपति को विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप उठाये गये कदमों के बारे में भी अवगत करवाया। कुलपति ने प्राचार्यों द्वारा गुणवत्ता सुधार को लेकर दिये गये सुझाव पर भी चर्चा की।

बैठक के दौरान डीन संस्थान प्रो संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता सुधार को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। डिप्टी डीन संबद्धता डॉ आशुतोष दीक्षित ने 2018.19 के लिए संबद्धता प्रक्रिया की जानकारी दी। बैठक का संचालन संबद्धता शाखा की ओर से डॉ प्रीति सेठी द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

**PUNJAB KESARI**

# स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य करें: कुलपति

फरीदाबाद, 24 मई (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने सभी संबद्ध कॉलेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए है।

इसके अलावा, सभी कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) तथा राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से मान्यता प्राप्त करने के लिए कहा है क्योंकि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षण की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का मूल्यांकन करवाना अनिवार्य है। पलवल जिले के सभी संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है, जिसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते है और इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम में पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया ताकि इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।



*प्राचार्यों के साथ चर्चा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 25 May 2018
epaper.punjabkesari.in/c/28961889

**NEWS CLIPPING: 25.05.2018**

**AMAR UJALA**

# 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप में भागीदारी निभाएं विद्यार्थी'

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी संबद्ध कॉलेजों से स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, सभी कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) से मान्यता प्राप्त करने के लिए कहा है। कुलपति का कहना है कि उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का मूल्यांकन कराना अनिवार्य है।

पलवल जिले के सभी संबद्ध कॉलेज के प्राचार्यों के साथ एडवांस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट पलवल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर है। इसके द्वारा विद्यार्थी समाज के लिए कुछ करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस इंटर्नशिप के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान किये गए कार्यों के आधार पर दो अतिरिक्त क्रेडिट प्वाइंट भी प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी कॉलेजों को इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पंजीकरण प्रक्रिया में विद्यार्थियों को सहयोग देने का आग्रह किया, जिससे इसमें विद्यार्थियों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।